आद्रा दर्पण

अंक - 4

अप्रैल -सितम्बर 2022

मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

'आद्रा दर्पण' का अंक-4 आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस अंक में अप्रैल'2022 से सितम्बर' 2022 तक की उपलब्धियों को दर्शाया गया है। हम लोडिंग तथा राजस्व अर्जन के साथ-साथ कर्मचारी सुविधाएं देने के लिए भी सतत् प्रयत्नशील हैं तथा इसमें सफल भी रहे हैं। स्टेशनों, कार्यलयों, रेलवे कॉलोनियों में साफ-सफाई तथा सौंदर्यीकरण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। हम समाज कल्याण की दिशा में भी कार्य कर रहे है। दक्षिण पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन, आद्रा की भूमिका इस क्षेत्र में काफी सराहनीय रही है। खेल-कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी इस मंडल का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण कार्य भी किए गए हैं जिसकी झांकी प्रस्तुत पत्रिका में है। इस पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए राजभाषा विभाग को बहुत-बहुत बधाई।

बिष्णुपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य संपन्न किए गए।

उद्घाटन कार्य

श्री सौमित्र खाँ, माननीय सांसद, बिष्णुपुर द्वारा 11.04.2022 को बिष्णुपुर स्टेशन पर नव निर्मित दो लिफ्टों का उद्घाटन किया गया।

श्री सौमित्र खाँ, माननीय सांसद, बिष्णुपुर द्वारा 25.06.2022 को नव निर्मित एस्कलेटर (चलती सीढ़ी) का उद्घाटन किया गया।

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान अपग्रेडेड यात्री सुविधाओं से संबंधित किए गए कार्यों की फोटो-गैलरी

गोदापियासाल स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का निर्माण-कार्य संपन्न।

मुराडीह स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का निर्माण-कार्य संपन्न।

चंद्रकोना रोड स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का निर्माण-कार्य संपन्न।

पुरुलिया स्टेशन पर नए 6 मीटर चौड़ा अतिरिक्त पैदल ऊपरी पुल का निर्माण-कार्य संपन्न।

दामोदर स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का निर्माण-कार्य संपन्न।

चाण्डिल स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का निर्माण कार्य संम्पन्न।

बर्नपुर स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का निर्माण कार्य संम्पन्न।

गढ़धुवेश्वर स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का निर्माण कार्य संपन्न।

कालिसेन स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल का निर्माण कार्य संम्पन्न।

म्यूरल आर्ट टाइल्स द्वारा बांकुड़ा स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के प्रतीक्षालय का सौंदर्यीकरण किया गया।

रुकनी के द्वितीय श्रेणी के प्रतीक्षालय में विट्रीफाइड टाइल्स लगाकर उसका सौंदर्यीकरण किया गया।

बर्नपुर स्टेशन के प्लेटफार्म का सतहीकरण कार्य संपन्न।

आद्रा स्टेशन पर प्लेटफार्म का चौड़ीकरण कार्य संपन्न।

दिनांक 18.05.2022 को गर्मी के मौसम के मद्देनज़र बोकारो रेलवे स्टेशन पर भारत स्काउट्स और गाइड्स के सदस्यों द्वारा पेय जल की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

धानगारी टीटी लाइन से अतिक्रमण हटाए गए।

आद्रा मंडल ने खड़गपुर में आयोजित अंतर मंडल नृत्य प्रतियोगिता के समूह शास्त्रीय नृत्य में प्रथम तथा समूह लोक नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 9.9.2022 को दक्षिण पूर्व रेलवे/गार्डनरीच में आयोजित क्षेत्रीय नाटक प्रतियोगिता में आद्रा मंडल का नाटक 'स्वदेश और स्वाभिमान' ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

चक्रधरपुर में दिनांक 5.9.2022 को आयोजित कल्चरल कम्पीटिशन में आद्रा मंडल के नाटक दल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वाहनों की आवाजाही तथा सड़क प्रयोक्ताओं की संरक्षा के अनुवीक्षण (मॉनिटरिंग) हेतु 28.08.2022 को समपार फाटक जेसी-56 पर सी.सी.टी.वी लगाए गए।

54 वाँ एशियन बाँडी बिल्डिंग एवं फिजिक स्पोर्टस चैम्पियनशीप के सीनियर मेन कटेगरी (80 किलो चैम्पियनशीप के सीनियर मेन कटेगरी, 80 किलो तक) में स्वर्ण पदक विजेता श्री अश्विन शेट्टी/ वरिष्ठ वाणिज्य लिपिक ने 30.08.22 को मंडलरेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा अन्य अधिकारियों से मुलाकात की।

हर-घर झण्डा अभियान के तहत आद्रा मंडल के कुल 14288 कर्मचारियों ने अपने घरों में तिरंगा फहराए।

श्री मनीष कुमार/ मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता तथा श्री सुधांशु शर्मा/अपर मंडल रेल प्रबंधक-सह-अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी के मार्गदर्शन में 25.07.2022 को आद्रा मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 134 वीं बैठक आयोजित हुई।

10.08.22 को ईआई/आद्रा में वरि.संरक्षा अधिकारी/आद्रा के नेतृत्व में अग्निशामक (CO, प्रकार) का प्रदर्शन किया गया।

महुदा में सड़क ऊपरी पुल का निर्माण कार्य संपन्न।

22.04.2022 को पी.डब्ल्यू.आई कार्यालय बांकुड़ा में शिकायत-सह-HRMS, UMID, IPS प्रशिक्षण शिविर आयोजित की गई जिसमें 50 से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया तथा 15 शिकायतों का समाधान किया गया।

16.09.2022 से 02.10.2022 तक मनाए गए स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में प्रभात फेरी की गई। इस दौरान श्रम-दान किए गए एवं नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

स्टेशनों के सौंदर्यीकरण की पहल के तहत आद्रा, बोकारो और पुरुलिया स्टेशन पर ट्रैक साइड नर्सरी उगाए गए हैं तथा आद्रा स्टेशन पर ग्रीन हाऊस इफेक्ट विकसित किया गया है।

एक महीने लम्बे चलने वाले संरक्षा अभियान के अन्तर्गत, दिनांक 03.09.2022 को आद्रा-चाण्डिल, आद्रा-मिदनापुर और आद्रा-खनुडीह सेक्शन में मंडल रेल प्रबंधक/आद्रा ने अन्य शाखा अधिकारियों के साथ एसेट्स, प्वाइंट्स और क्रासिंग्स, करव्स, सिगनलिंग, ओ,एच.ई, ब्रीजों, समपार फाटकों आदि का निरीक्षण किया।



वर्ष 1984 (37 वर्ष पुराना) के मौजूदा आर.आर.आई को हटाकर 31.05.2022 को आद्रा में इलेक्ट्रानिक इंटरलॉकिंग सिस्टम प्रारम्भ किया गया। फलस्वरुप, सिगनल-प्रणाली एवं ट्रेन परिचालन में काफी सुधार हुआ।

पुरुलिया-कोटशिला के बीच एन.सी संख्या - पी.के 30 के बदले में दिनांक 17.07.2022 को एन.एच.एस की लॉचिंग सफलतापूर्वक की गई।

आद्रा में एन.आई कार्य।

हिंदी सप्ताह 2022 के दौरान 20.09.22 को राजभाषा प्रदर्शनी आयोजित की गई। श्री मनीष कुमार, मंडल रेल प्रबंधक, राजभाषा हिंदी में किए गए कार्यों से संबंधित फाइलों, रजिस्टरों आदि का अवलोकन करते हुए।

हिंदी सप्ताह 2022 के दौरान आयोजित हिंदी कार्यशाला (बांयी ओर) एवं हिंदी निबंध प्रतियोगिता (दायीं ओर) की एक झलक।

रेल यात्रियों को वर्ष 2021-22 के दौरान 77 बार चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

स्वतंत्रता दिवस समारोह 2022 के अवसर पर माननीय श्री मनीष कुमार/ मंडल रेल प्रबंधक ध्वजारोहण करते हुए तथा परेड की सलामी लेते हुए।

वर्ष 2022-23 के दौरान रेल यात्रियों को 85 बार चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

संरक्षक
श्री मनीष कुमार
मंडल रेल प्रबंधक

प्रधान संपादक
श्री सुधांशु शर्मा
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी
सह
अपर मंडल रेल प्रबंधक

संपादक
श्री अविनाश कुमार पाण्डेय
राजभाषा अधिकारी
सह
वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक

सहयोग मंडल
श्री उमा शंकर सिंह
वरिष्ठ अनुवादक
एवं
समस्त सहकर्मी